Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 274 रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

बलरामपुर हिरासत में मौत मामले में एक और बड़ी कार्रवाई, 8 पुलिसकर्मी लाइन अटैच

बिलासपुर-बलरामपुर, 27 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। कोतवाली थाने में एनएचएम कर्मी की कस्टोडियल डेथ मामले में एक और बड़ी कार्रवाई हुई है. अब कोतवाली थाने में तैनात आठ पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने की है. यह कार्रवाई गुरुचंद मंडल की थाने में हुई संदिग्ध मौत के बाद की गई है, जिसमें पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं. इससे पहले इस मामले में थाना प्रभारी और एक आरक्षक को भी निलंबित किया गया था.

क्रमांक	पदनाम/बैज नंबर एवं नाम	पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
1	2	3	4
01	प्रधान आरक्षक 144, रविन्द्र कुमार यादव	थाना बलरामपुर	र.के.बलरामपुर
02	आरक्षक 145, चन्दर साय तिर्की	थाना बलरामपुर	र.के.बलरामपुर
03	आरक्षक 201, वासुकीनाथ गुप्ता	थाना बलरामपुर	र.के.बलरामपुर
04	आरक्षक 765, देव कुमार	थाना बलरामपुर	र.के.बलरामपुर
05	आरक्षक 1027, अमित कुमार एक्का	थाना बलरामपुर	र.के.बलरामपुर
06	आरक्षक 1168, हरिशंकर यादव	थाना बलरामपुर	र.के.बलरामपुर
07	आरक्षक चा. 35, उदयभान दुबे	थाना बलरामपुर	र.के.बलरामपुर
08	डीएसएफ आरक्षक 8, कृष्णा हलदार	थाना बलरामपुर	र.के.बलरामपुर

बता दें कि बीते गुरुवार दोपहर को बलरामपुर के कोतवाली थाना के बाथरूम में एनएचएम के कर्मचारी गुरुचंद मंडल की फांसी के फंदे पर लटकी लाश मिली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और मृतक के परिजनों ने रात में कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा किया. सैकड़ों लोगों की भीड़ ने थाने में पथराव किया, वहीं परिसर में खड़ी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की. आक्रोश इतना बढ़ गया कि स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले भी दागने पड़े.

मृतक के पिता ने पुलिस पर मारपीट का लगाया आरोप- इस मामले में मृतक गुरुचंद के पिता शांति मंडल ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है. उन्होंने बताया कि बहू के लापता होने के बाद पुलिस वालों के बुलाने पर हम लोग थाने गए थे, जहां हमारे साथ मारपीट की गई है. बेटे को भी मारे हैं और 17 साल के नाती को मारने की भी धमकी दिए है. मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने मारपीट का जख्म भी दिखाया.

बिलासपुर में बलवा, 12 गिरफ्तार

बिलासपुर, 27 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। न्यायधानी के कोनी थाना क्षेत्र में दो गुटों में लक्ष्मी पूजा के दौरान उपजा विवाद गाली -गलौज के बाद मारपीट में तब्दील हो गया. शुक्रवार देर रात हुई घटना के बाद पुलिस ने दोनों गुटों के 12 लोगों को गिरफ्तार किया है. वहीं विवाद के बाद से तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है. जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की रात रमतला निवासी सूरज और नीरज दुबे का परिवार लक्ष्मी पूजा कर रहा था. इसी दौरान गांव में रहने वाला प्रशांत सूर्यवंशी उर्फ विक्कू गाली-गलौज कर रहा था. इस पर सूरज और नीरज दुबे के अलावा अन्य लोगों ने उसे गाली देने से मना किया, जिस पर उनके बीच शुरू हुआ विवाद गुटीय मारपीट में तब्दील हो गया. एक तरफ प्रशांत सूर्यवंशी और उसके घर वाले तो दूसरी तरफ सूरज दुबे, नीरज दुबे व अन्य लोग एक-दूसरे से लाठी और हाथ-मुक्के से मारपीट करने लगे.

घटना की सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, सीएसपी सिद्धार्थ बघेल, कोनी टीआई नवीन देवांगन, सरकण्डा टीआई तोप सिंह नवरंग बल के साथ गांव पहुंच गए. अधिकारियों ने दोनों गुटों के लोगों को समझाइश दी. रात में पुलिस ने प्रशांत सूर्यवंशी उर्फ विक्कू की रिपोर्ट पर हमलावर सूरज दुबे, नीरज दुबे एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व सूरज दूबे की रिपोर्ट पर अभय सूर्यवंशी, आकाश सूर्यवंशी, प्रशांत सूर्यवंशी व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया।

ब्रेकिंग न्यूज

बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़, 9 लोग घायल, 2 की हालत नाजुक

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (न्यूज चैनल) मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर भगदड़ मच गई। लोग ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे, जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। इस भगदड़ में 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से 2 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि इतनी भीड़ थी कि पुलिस भी स्थिति को संभालने में असमर्थ रही। यह घटना रात करीब 2 बजे हुई, जब बांद्रा गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन आई। जब पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो भगदड़ मच गई। किसी तरह पुलिस ने प्लेटफार्म को खाली कराया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि ट्रेन को सुबह करीब सवा 5 बजे रवाना होना था, लेकिन यह रात को ही प्लेटफार्म पर आ गई। इसके कारण लोगों में घबराहट बढ़ गई, जिससे ट्रेन में चढ़ने के लिए होड़ लग गई। इस स्थिति ने भगदड़ को और बढ़ावा दिया, क्योंकि लोग जल्दी में थे और ट्रेन छूटने के डर से धक्का-मुक्की करने लगे।

उत्तरी गाजा में इजराइली हमलों में 22 लोगों की मौत

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। उत्तरी गाजा पर इजराइल द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।

राजद में शामिल हुए शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटे

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। दिवगंत आरजेडी नेता शहाबुद्दीन की पत्नी हिना साहब और बेटे ओसामा रविवार को राजद में शामिल हो गए हैं। दोनों के राजद में शामिल होने पर पार्टी को सिवान क्षेत्र में राजनीतिक लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें, हिना साहब और ओसामा ने राजद प्रमुख लालू यादव की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता हासिल की। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई है। ये कार्यक्रम राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड आवास पर आयोजित किया गया था। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा, आज आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में हम लोगों की कद्दावर नेता रही हिना शहाब ने पुनः पार्टी सदस्यता ग्रहण की है उनके पुत्र ओसामा शहाब भी पार्टी में शामिल हुए हैं। कई समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ली है। मेरा विश्वास है कि इससे सिवान के साथ-साथ पूरे बिहार में पार्टी को मजबूती मिलेगी। हम लोगों की जो धर्मनिरपेक्षता की

जज ने याचिकाकर्ता से कहा 'अपराध है रिश्वत देना'



बिलासपुर, 27 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच के समक्ष एक मामला प्रस्तुत हुआ जिसमें यूएसए में रह रहे युवक आकाश कौशिक ने उनके खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज एफआइआर को रद्द करने और कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि, एडवाइजरी और लगातार समझाइश के बावजूद लोग अब भी ठगी का शिकार हो रहे हैं और अपनी जीवनभर की कमाई गंवा रहे हैं। उन्होंने कड़े शब्दों में शिकायतकर्ताओं की नासमझी पर सवाल उठाए और पूछा कि क्या उन्हें नहीं पता कि नौकरी के नाम पर रिश्वत देना भी अपराध है।

चीफ जस्टिस ने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिवक्ता से यह भी पूछा कि क्या ऐसे लोगों के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया जाना चाहिए जो नौकरी के नाम पर नकद राशि देते हैं। बता दें कि बिलासपुर जिले के जयरामनगर निवासी सविता साहू व अन्य ने आरोप लगाया कि यूएसए में रहने वाले आकाश कौशिक के जीजा ने उन्हें नौकरी दिलाने के नाम पर 17 लाख रुपये लिए और नकली नियुक्ति पत्र थमा दिया। पुलिस जांच के दौरान जीजा का 2017 में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। इसके बाद शिकायतकर्ताओं ने आकाश कौशिक और उसकी बहन पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए और उन्हे आरोपित बनाने पुलिस में दोबारा शिकायत की और कहा कि उन्होंने आकाश को नकद राशि भी दी थी। पुलिस ने मामले में यूएसए में रह रहे आकाश का भी नाम आरोपित में शामिल कर दिया।

80 साल से अधिक उम्र वालों को मिलेगी अतिरिक्त पेंशन

80 से 85 वर्ष	- मूल पेंशन का 20%
85 से 90 वर्ष	-मूल पेंशन का 30%
90 से 95 वर्ष	- मूल पेंशन का 40%
95 से 100 वर्ष	- मूल पेंशन का 50%
100 वर्ष से अधिक	- मूल पेंशन का 100%

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन में एक नई सुविधा जोड़ी गई है। केंद्र सरकार ने 80 साल से अधिक उम्र के पेंशनर्स को अनुकंपा भत्ता देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में दी गई है।

मंत्रालय के सर्कुलर के अनुसार, 80 साल से अधिक उम्र के पेंशनर्स को अब अतिरिक्त पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके लिए सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे पेंशन का वितरण आसान और तेजी से किया जा सकेगा। सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के तहत पेंशनर्स को मूल पेंशन के साथ अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता मिलेगा। जैसे- उदाहरण के लिए यदि किसी पेंशनर की आयु 81 वर्ष है और उसे 5,000 रुपये की पेंशन मिल रही है, तो उसे अतिरिक्त पेंशन के रूप में 1,000 रुपये मिलेंगे। इसी तरह 85 से 90 वर्ष के पेंशनर को 1,500 रुपये अनुकंपा भत्ता मिलेगा।

'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर मोदी ने जताई चिंता, 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का दिया मंत्र

'मन की बात'

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से 'रूको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया और इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। इसमें किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है और उसे जुर्माना देना होगा। कई लोग ऐसे मामलों में डर जाते हैं और शिकार बन जाते हैं। ने 'मन की बात' के दर्शकों को विस्तार से बताया कि इस प्रकार के फरेब करने वाले गिरोह कैसे काम करते हैं और कैसे 'खतरनाक खेल' खेलते हैं। उन्होंने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा देते हैं। उन्होंने कहा, ''इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती।'' उन्होंने इससे बचने के लिए देशवासियों से 'रूको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया।

कोयला और कस्टम मीलिंग घोटाले के आरोपियों का नहीं होगा नार्को टेस्ट

ईओडब्लयू के आवेदन को कोर्ट ने किया खारिज

रायपुर, 27 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में कोयला और कस्टम मीलिंग घोटाला मामले में गिरफ्तार आरोपियों से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। एसीबी/ईओडब्लयू की विशेष कोर्ट ने आरोपी सूर्यकांत तिवारी, रजनीकांत तिवारी और निखिल चंद्राकर के साथ ही कस्टम मीलिंग के आरोपी रोशन चंद्राकर का नार्को टेस्ट कराने के लिए ईओडब्लयू द्वारा लगाए गए आवेदन को खारिज कर दिया है।

बता दें कि ईओडब्लयू ने कोयला घोटाले के आरोपी सूर्यकांत तिवारी, रजनीकांत तिवारी और निखिल चंद्राकर समेत कस्टम मीलिंग घोटाले के आरोपी रोशन चंद्राकर का नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट करवाने की अनुमति के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया था। इसके विरोध में बचाव पक्ष ने कोर्ट में आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसके बाद आज दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने अपना निर्णय सुनाते हुए ईओडब्लयू के नार्को टेस्ट के आवेदन को खारिज कर दिया। छत्तीसगढ़ में कथित 500 करोड़ रुपये के कोयला घोटाला मामले में लेवी वसूली का मामला ईडी की रेड में सामने आया था। आरोप है कि कोयला परिवहन के दौरान कोयला व्यापारियों से वसूली करने के लिए ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर दिया गया था। खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक आईएएस समीर बिश्नोई ने इसके लिए 15 जुलाई 2020 को आदेश जारी किया था। इसके लिए सिंडिकेट बनाकर वसूली की जाती थी।

इंडिगो ने जगदलपुर-रायपुर उड़ान बंद किया

रायपुर, 27 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में जगदलपुर-रायपुर रूट पर चल रही फ्लाइट सुविधा कल (28 अक्टूबर) से बंद हो रही है। बताया जा रहा है कि यात्री नहीं मिलने के कारण विमान कंपनी को नुकसान हो रहा था। इसे देखते हुए इंडिगो प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। हालांकि हैदराबाद, जबलपुर, बिलासपुर और दिल्ली के लिए कंपनी सेवाएं जारी रखेगी। रायपुर के लिए फ्लाइट सप्ताह में 4 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को उड़ान भरती थी। फ्लाइट हैदराबाद-जगदलपुर और जगदलपुर-रायपुर, फिर रायपुर-जगदलपुर और जगदलपुर-हैदराबाद के लिए चलती थी। इंडिगो को रायपुर के लिए 60 प्रतिशत यात्री ही मिल रहे थे। ऐसे में इंडिगो को इस रूट पर घाटा हो रहा था। शुक्रवार 25 अक्टूबर को इंडिगो ने जगदलपुर से रायपुर के लिए अपनी आखिरी उड़ान भरी थी। इस फ्लाइट से हैदराबाद से 68 पैसेंजर जगदलपुर पहुंचे और यहां से 74 यात्री रायपुर के लिए रवाना हुए। वहीं रायपुर से 66 यात्री जगदलपुर आए और यहां से 62 यात्री हैदराबाद के लिए रवाना हुए थे।

राज्योत्सव में 'मोदी की गारंटी' के साथ दिखेगी छत्तीसगढ़ की विकास गाथा: अरूण

रायपुर, 27 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर शासन-प्रशासन जुटा हुआ है. इस बीच उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि इस बार राज्योत्सव मेला का आयोजन 4 से 6 नवंबर को नया रायपुर अटल नगर में होगा. मेला में 'मोदी की गारंटी' के साथ छत्तीसगढ़ की विकास गाथा को प्रदर्शित किया जाएगा. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को मीडिया से चर्चा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बलरामपुर दौरे पर को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस राज्य की शांत फिजा को खराब करने की मानसिकता से काम कर रही है. जब सत्ता में थी, तब पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर राज्य के कानून व्यवस्था को चौपट करने का काम किया.

उन्होंने कहा कि आज जब जनता ने विपक्ष में बिठाया है, तब भी कांग्रेस उसी मानसिकता से काम कर रही है. प्रदेश में विष्णु देव की सरकार है. राज्य में क़ानून व्यवस्था की स्तिथि बिगड़ने नहीं देंगे. दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी. वहीं 28 अक्टूबर को होने वाली साय कैबिनेट की बैठक को लेकर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कल (28 अक्टूबर) को विष्णु देव साय कैबिनेट की 16वीं बैठक है. इसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. विकास कार्यों को तेज गति से करने का काम होगा. 'हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे' इस एजेंडे के साथ सरकार आगे बढ़ रही है, वहीं प्रदेश में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर कांग्रेस के बयान पर अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा कि बलौदाबाज़ार की घटना के पीछे कौन था. सूरजपुर की घटना हुई किसका हाथ मिला. दुर्भाग्यपूर्णजनक घटनाओं पर कांग्रेस जिस तरह की राजनीति कर रही है, इससे उनकी मानसिकता समझी जा सकती है. कांग्रेस के मंसूबे हम कामयाब नहीं होने देंगे.